




नवभारत
भोपाल, शनिवार, 23 मई, 2026


# खाद, बिजली की समस्या को लेकर किसानों ने किया चक्काजाम

## आक्रोशित किसानों ने तरावली चौराहे पर ट्रेक्टर-ट्राली खड़े कर लगाया जाम, लोग हुए परेशान

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** बिजली कटौती और खाद की किल्लत को लेकर शुक्रवार को आक्रोशित किसानों ने ईसागढ़ रोड स्थित तरावली चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। इस चक्काजाम में बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहनों के साथ सड़क पर उतर आए। इस दौरान अशोकनगर-ईसागढ़ मार्ग सहित आसपास के गांवों को जोड़ने वाले रास्तों पर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया और दोनों ओर करीब एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जिसके कारण राहगीर परेशान होते नजर आए। वहीं चक्काजाम की जानकारी जैसे ही प्रशासनिक अधिकारियों को लगी तो वह



मौके पर पहुंचे और किसानों को आश्वासन देते हुमए समझाइस दी, जिसके बाद किसान चक्काजाम से हटे और यातायात फिर से सुचारू रूप से चालू हो सका।

दरअसल बिजली, खाद की समस्या को लेकर विरोध कर रहे किसान प्रदर्शन ऐसे समय में हुआ जब जिले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और प्रभारी मंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियां चल रही थीं। किसानों का कहना था कि क्षेत्र में लंबे समय से बिजली और खाद की समस्या बनी हुई है। उन्होंने पहले भी संबंधित विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन देकर समाधान का आश्वासन प्राप्त किया था, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

करीब डेढ़ घंटे बाद चक्काजाम समाप्त हो गया और यातायात बहाल कर दिया गया। इस दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि आज से बिजली कटौती में कमी की जाएगी, इसके बाद स्थिति सामान्य हो गई।

**3 घंटे मिल रहीं बिजली:**

प्रदर्शन कर रहे किसानों ने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय केवल दो से तीन घंटे ही बिजली मिल रही है। यह आपूर्ति भी लगातार नहीं होती, बल्कि बार-बार कटौती की जाती है। वहीं खाद की कमी के कारण आगामी फसलों की तैयारी प्रभावित हो रही है। किसानों ने चेतावनी दी थी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जावेगा।



## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विभिन्न समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद,जिला स्तरीय सतर्कता समिति,जिला बाल संरक्षण समिति ,जिला विद्युत सलाहकार समिति तथा जल गंगा संवर्धन अभियान की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की समीक्षा के दौरान जिले के ऐतिहासिक,पुरातात्विक एवं पर्यटन स्थलों के संरक्षण, विकास तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री ने जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल चंदेरी में मूलभूत सुविधाओं के विकास, पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने पर विशेष प्रयास किये जाने की बात कही। साथ ही पुरातत्व धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि जिले की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों एवं विरासत को संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। पर्यटन स्थलों के विकास से जिले की पहचान बढ़ेगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार भी सृजित होगें। उन्होंने चंदेरी में नए पर्यटन विकास की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

**जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा:**

बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बर्षा के जल को संरक्षित किये जाने हेतु जल संरचनाओं के निर्माण एवं जीर्णोद्धार के कार्य कराये जाए। बैठक में प्राचीन बावड़ियों के रखरखाव एवं पुर्नरूद्धार हेतु आवश्यक कार्य कराये जाए। उन्होंने इस अभियान में जनभागीदारी एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग पर विशेष जोर दिया।

**जिला स्तरीय सतर्कता समिति के कार्यों की समीक्षा:**

बैठक में प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला द्वारा जिला स्तरीय सतर्कता समिति के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रकरणों के निराकरण एवं राहत राशि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने जनहित योजनाओं के क्रियान्वयन तथा शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की । उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय कार्यों में पारदर्शिता एवं जबावदेही बनाए रखते हुये सभी प्रकरणों का समय सीमा निराकरण किया जाए। उन्होंने प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा किये जाने के निर्देश दिए।

### एक नजर में

**परिषद की बैठक बुलाने नेता प्रतिपक्ष ने किया मेल**

**अशोकनगर।** दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद जब नगर पालिका में परिषद की बैठक आयोजित नहीं की गई, तो इस बात को लेकर कांग्रेस पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष रीतेश जैन आजाद द्वारा प्रभारी सीएमओ विनोद उन्नीतान को मेल कर परिषद की बैठक बुलाने की अपील की गई है। सीएमओ को किये गये इस मेल में नेता प्रतिपक्ष ने लिखा है कि मध्य प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 के नियमानुसार नगर पालिका परिषद की साधारण बैठक प्रत्येक दो माह में कम से कम एक बार आयोजित किया जाना कानूनी रूप से अनिवार्य है, परंतु परिषद की पिछली बैठक 2 मार्च को संपन्न हुई थी। आज इस बात को दो माह से अधिक का समय बीत चुका है, किंतु आपके द्वारा नियमानुसार आगामी बैठक आहूत नहीं की गई है। जो कि सीधे तौर पर वैधानिक नियमों का उल्लंघन है। परिषद की बैठक न होने के कारण विपक्ष और आम जनता से जुड़े मुद्दे जैसे शहर की चरमराती सफाई व्यवस्था, पेयजल संकट और ग्रीष्मकालीन मूलभूत जनसमस्याएं, विकास कार्यों की स्वीकृति और अटके हुए बजटीय प्रस्ताव, जनहित की योजनाओं की समीक्षा, जिन पर चर्चा होना अति आवश्यक है। लेकिन बैठक न होने की बजह से आमजन मानस के मुद्दे पर चर्चा व सहमति नहीं बन पा रही है, इसलिए मेल प्राप्त होने के तीन दिनों के अंदर परिषद की बैठक बुलाई जाए, जिससे जनता से महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर उन्हें अमल में लाया जाए।



**प्रदेशाध्यक्ष का कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत**

**शाढ़ौरा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का गुना से अशोकनगर जिला प्रशिक्षण वर्ग में अतिशय क्षेत्र थूबोन जाते समय शाढ़ौरा नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्नेही जनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष का काफिला जैसे ही शाढ़ौरा पहुंचा, वहां पहले से मौजूद बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने गगनभेदी नारों और पुष्पमालाओं के साथ उनका आत्मीय अभिनंदन किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष जी ने सभी कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। इस संक्षिप्त प्रवास और मुलाकात से स्थानीय कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रदेश अध्यक्ष की सहजता और मार्गदर्शन से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी तथा सभी में एक नई ऊर्जा एवं वैचारिक संचार की अनुभूति हुई है।

# पुलिस ने पकड़े दो फर्जी क्राइम ब्रांच अधिकारी

## प्रेमजाल, साइबर ब्लैकमेलिंग कर युवती से की थी करीब डेढ करोड़ रुपये की ठगी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** युवती को पहले प्रेमजाल में फंसाया, फिर उसे ब्लैकमेल किया और इसके बाद तांत्रिक महिला के साथ उसे डरा धमकाकर और पूजा आदि कराने के नाम पर करीब डेढ करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पहले की पर्दाफाश कर दिया था, तो वहीं इस मामले में पुलिस शुक्रवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए इस मामले मे फरार चल रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है, यह दोनो युवक युवती को फर्जी क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर फोन लगाते थे और उससे पैसे एठने में सहयोग करते थे।

दरअसल युवती ने पुलिस कप्तान को बताया था कि आरोपी आदित्य सिंह तोमर, आयुषी चौहान, आर्यन सोनी, आकाश चौहान एवं उनके अन्य सहयोगियों ने पहले उसे प्रेम संबंधों के जाल में फंसाया, इसके बाद आरोपियों ने अश्लील फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने



की धमकी देकर स्वयं को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपये की ठगी की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। थाना कोतवाली अशोकनगर में अपराध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पूर्व में पुलिस द्वारा आरोपी आदित्य तोमर, आयुषी चौहान, आकाश चौहान एवं आर्यन सोनी को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया था। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली रविप्रताप सिंह चौहान, उपनिरीक्षक मसी खांन, संजय गुप्ता , सहायक उपनिरीक्षक विनोद तिवारी, प्रधान आरक्षक नवल किशोर शर्मा, पंकज तिवारी, आनंद सिंह सिकरवार एवं आर रविन्द्र भारद्वाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**ब्लैकमेल कर लेते थे रुपये:**

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि ठगी से प्राप्त रकम से महंगी सोने-चांदी की ज्वेलरी, महिन्द्रा थार वाहन, आईफोन, एप्पल नोटबुक, महंगी घड़ियां, कॉस्मेटिक सामग्री एवं अन्य लग्जरी सामान खरीदे गए थे। पुलिस द्वारा अब तक लगभग 70 लाख रुपये मूल्य की चल-अचल संपत्ति जप्त की जा चुकी है। वहीं विवेचना के दौरान थाना कोतवाली पुलिस ने मामले के शेष आरोपी निखिल वाल्मीकि एवं जयदीप सेन उर्फ जेडी निवासी गुना को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी निखिल के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल जप्त की गई है। अब तक की जांच में यह सामने आया है कि दोनों आरोपी आकाश चौहान के निर्देश पर स्वयं को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर पीड़िता से संपर्क करते थे तथा ब्लैकमेलिंग से प्राप्त रकम को गुना ले जाकर मुख्य आरोपी तक पहुंचाते थे।

# रात्रि चौपाल में दिया संदेश

**ग्रामीणों को जल का महत्व बताते हुए किया जागरूक**

**कलेक्टर के निर्देश पर हो रहा है आयोजन**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में जिले में जल गंगा सर्वधन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अशोकनगर विकासखंड के ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति आमखेड़ा सूखा में प्राथमिक विद्यालय परिसर में जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने रात्रि चौपाल का आयोजन किया। रात्रि चौपाल में जिला समन्वयक ने ग्रामीणों को जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी व जल बचाने की अपील की। विकासखंड समन्वयक ने बताया कि जल बचाने के लिए सामूहिक प्रयास होना चाहिए व 25 मई को गंगा दशहरा कार्यक्रम के बारे में बताया।

रात्रि चौपाल में परामर्शदाता बलवीर यादव, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष पप्पू कुशवाह, समिति के सभी सदस्य सहित सीएमसीएलडीपी छात्र उपस्थित थे। प्रस्फुटन समिति के सदस्य द्वारा अपने घर में साड़ी बुनाई कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उपस्थितजनों द्वारा साड़ी बुनाई कार्य का भी निरीक्षण किया।

# भाजपा में हम इसलिए आए कि भारत आत्मनिर्भर बने

**भाजपा का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित**

**प्रदेशाध्यक्ष हमेंत खंडेलवाल ने किया संबोधित**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी में हम सिर्फ इसलिए नहीं आए,कि हमें राजनीति करना है, सिर्फ इसलिए नहीं आए कि हमें पद प्राप्त करना है, इसलिए नहीं आए कि सत्ता हमारे पास होनी चाहिए, बल्कि इसलिए आए कि भारत आत्मनिर्भर बने गौरवशाली शक्तिशाली बने, यह बात शुक्रवार को जिले के अतिशय क्षेत्र थूबौन जी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियां 2026 के



अंतर्गत भाजपा के जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन पंचम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में प्रशिक्षणार्थी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कही, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने की। जिला मीडिया प्रभारी डॉ हरवीर रघुवंशी ने बताया कि इसके पूर्व पहले एवं शुभारंभ सत्र प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने संबोधित किया जिसकी अध्यक्षता चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी द्वारा की गई, दूसरे सत्र के वक्ता के रूप में मध्य प्रदेश अपेक्स बैंक के अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव द्वारा संबोधित किया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष भानु रघुवंशी ने की। तीसरे सत्र को मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर ने संबोधित किया।

जिसकी अध्यक्षता मुंगावली विधायक राव बृजेंद्र सिंह यादव ने की, छठवें सत्र को मुख्य वक्ता के रूप में अर्चना चिटनिस ने संबोधित किया जिसकी अध्यक्षता नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष डॉक्टर कृष्णपाल यादव ने की, 7वे सत्र के बक्ता पूर्व प्रदेश संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ डॉ नीतेश शर्मा 8वे सत्र के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया।

**धर्म-कर्म**

**श्रद्धालुओं ने किए जगह-जगह पाद प्रक्षालन**

# मुनि पुंगवश्री सुधासागर महाराज की अगवानी में उमड़ा भक्तों का सैलाब

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पांच माह पूर्व नगर में चातुर्मास कर आज जब राष्ट्रसंत मुनि पुगंवश्री सुधासागर महाराज ससंघ अठराह पिच्छिकाओ के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ, जहां नगर के बाहर पूर्व मंत्री राव ब्रजेन्द्र सिंह यादव, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल सहित अन्य प्रमुख जनो ने श्रीफल भेंट कर सभी मंडलों के साथ अगवानी की।

भव्य आगवानी में जिला कलेक्टर साकेत मालवीय, जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन, विश्व हिन्दू परिषद के दीपक मिश्रा सहित अन्य प्रमुखजनो ने सभी सर्व समाज के लोग अपने-अपने घर के आगे परम पूज्य के पाद प्रक्षालन कर आरती उतार कर अभिनंदन कर रहे थे। यह भव्य शोभायात्रा विदिशा रोड़ त्रिदेव चौराह, तारा सदन स्कूल, एचडीएफडी चौराहा, पुराना बस स्टेंड, गांधी पार्क होते हुए भगवान महावीर मार्ग विद्यासागर द्वार होते हुए सुभाष गंज में आकर धर्म सभा में बदल गई।





**धर्म ना आकाश से आता ना पाताल से धर्म हमारे अंदर से आता है: मुनि श्री**

धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागर महाराज ने कहा कि धर्म ना आकाश से आता है ना पाताल से धर्म ना पूर्व से ना पश्चिम से धर्म धर्मात्माओं की आत्मा से प्रकट होता है, लोग धर्म को दुनिया में खोजते हैं भूल जाते हैं हिरण के समान हिरण कस्तूरी को पाने के लिए दुनिया में भटकता रहता है। उसे मालूम नहीं रहता कि कस्तूरी को उसकी नाभि में है ऐसे ही लोग दुनिया में भटकते रहते हैं। धर्म पाने के लिए उन्हें पता ही नहीं रहता कि धर्म तुम्हारे अन्दर से ही प्रकट होगा धर्म भक्तो को हृदय में से उमड़ता है। धन मालिक नहीं होता धनि मालिक होते हैं ऐसे ही भक्त ही धर्मात्मा होता है धर्म बड़ा नहीं होता धर्मात्मा बड़ा होता है जिसके के अंदर धर्म उमड़ जाये वहीं धर्मात्मा होता है आगमनी कराईं नहीं जाती अगवानी हो जाती है धन मालिक नहीं होता धनि मालिक होते हैं।

**धर्म से भी बड़ा होता है धर्मात्मा से भी बहुत बड़ा :**

वहीं उन्होंने कहा कि धर्म से भी बड़ा होता है धर्मात्मा से भी बहुत बड़ा होता है जिसे के अंदर धर्म उमड़ पड़ता है वहीं धर्मात्मा होता है। प्रभवना की नहीं जाती प्रभावना हो जाती है, भक्तो को बुलाया नहीं जाता, भक्त आते हैं आगवानी की नहीं जाती अगवानी हो जाती है। शुरू से ही पता चल गया था जज्जी अपने घर ले जाने व्यापक तैयारी के साथ ले गया तब ही हमने अपने पैरों को कह दिया था तैयार रहना है, इस बार की अगवानी के लिए पैर तैयार रहें चातुर्मास की अगवानी में असाढ़ था उस समय तो बदलो ने मेहरबानी की थी, आज कोई मेहरबान करने वाला नहीं है, आज सूरज भी ऊपर चढ़ा है ये जेढ की अगवानी है भक्तो का उत्साह शिखर पर था।

**पिछले वार पुलिस वाले शादे रस्से लाये थे इस बार तो बने बनाये जबरदस्त रस्से बाध कर लाये थे:**

उन्होंने कहा कि पिछले बार पुलिस वाले शादे रस्से लाये थे, लेकिन इस बार तो बने बनाये जबरदस्त रस्से बांध कर लाये थे , फिर भी जनता नहीं सभल रहीं थीं, होता है यही तो मौके होते हैं जिंदगी के ये भक्तों का उत्साह और उमंग थी जो उपकारी के प्रति लोकर आये थे। धर्म तो हमेशा करता है व्यक्ति महोत्सव कभी होता है, भक्ति तो हमेशा करता है ऐसे भक्ति कभी कभी होती है, जिंदगी में यही तो मौके आते हैं यही स्मृति बन जाती है, यही चर्चा का विषय बन जाते हैं, यही नीतिया बन जाती है। जिसे अपन दुष्मकाल कहते हैं कृत उपकारम ना वृत्ति सदवा, इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है आज भी उपकारी के प्रति उपकार का भाव अंदर से आते हैं कहीं ना कहीं से ये भाव अंदर से आता है कि हमारे समानें वह शक्ति आ रही है, जिसका नगर के ऊपर उपकार है। हम लोग आचार्य श्री का नाम आते ही हमारा रोम-रोम पुलकित हो जाता है। उपकार तो छोड़ो आचार्यश्री नाम आते ही से हृदय गद गद हो जाता है ये स्वता होता है बनावटी नहीं उमंग और उत्साह स्वता अंदर से आता है जीवन तो हमेशा जीता है ऐसे मौके ही तो स्मृति वन जाते है।

**गंगा दशहरा पर कलश यात्रा**

**अशोकनगर।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में जल संरक्षण हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा 25 मई के अवसर पर प्रदेश में जनसहभागिता से जल संरक्षण हेतु वृहद स्तर पर अभियान चलाया जायेगा। जिसमें मप्र जन अभियान परिषद द्वारा पूरे जिले में लगभग 100 ग्राम विकास प्रस्फुटिन समितियों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर एवं 10 नगर विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा नगरीय स्तर पर जल स्त्रोत पूजन एवं गंगा कलश यात्रा का आयोजन किया जायेगा।


**कार्यालय तहसीलदार तहसील मुंगावली जिला अशोकनगर (मप्र)**

क्र.क्यू/री 03/2025

मुंगावली, दिनांक 22/05/26

//विज्ञप्ति//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिव्यांश जैन पिता स्व. अरविंद जैन जाति जैन निवासी मुगावली ने दादी-कस्तूरी बाई पत्नि सोहनलाल जैन की मृत्यु दिनांक 02/02/2013 को होना बताया है, जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने जाने हेतू आवेदन पेश किया है। इसमें किसी भी हितग्राही को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति तहसील कार्यलय मुंगावली में उपस्थित होकर प्रकाशन दिनांक 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति प्रस्तु करे। बाद अवधि समाप्ति के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। वही विज्ञाप्ति पत्र आज दिनांक 22/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर पत्र आज दिनाक को मेरे हस्ताक्षर यह मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील मुंगावली